# प्रधानमंत्री मोदी एक नवंबर को ब्रह्मकुमारी शांति शिखर का करेंगे उद्घाटन

## सत्य साँई अस्पताल के बच्चों से मिलेंगे प्रधानमंत्री





### 11 सौ लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था के लिए बना आकर्षक हाल, नवनिर्मित विधानसभा का भी उद्घाटन करेंगे

रायपुर, (आरएनएस)। देश के प्रधानमंत्री एक नवंबर को छग की राजधानी अटल नगर आ रहे है। यहां पर वे अपने व्यस्त दौरे कार्यक्रम के तहत ब्रज़्हकुमारी शक्ति शिखर के नवनिर्मित शांति शिखर सत्य सांई अस्पताल तथा नये विधानसभा का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा उनके व्यस्त दौरे कार्यक्रम में आदिवासी संग्रहालय और राज्योत्सव स्थल एक सभा को संबोधित करना है। अटल नगर रायपुर में सुरक्षा के चौक चौबंद व्यवस्था किये जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले प्रात: नौ बजे ब्रज़्हकुमारी शांति शिखर का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रामेन डेका विष्णुदेव साय एवं रमन सिंह होंगे। इस अवसर पर राजयोगिनी जयंती दीदी, सविता दीदी प्रमुख रूप से शामिल होंगी। यहां पर आकर्षक ढंग से एक हाल बनाया गया है। शांति शिखर कया बांधा सेज़्टर 20 में रायपुर में बलुआ पत्थर से बनाया गया है। यहां पर आगंतुकों को आठ बजे आना होगा। साथ में कार्ड एवं आईडी प्रमाण पत्र लाये। हाल में मोबाइल ब्रीफकेश लाने की अनुमति नहीं दी गई है। इस अवसर पर छग और प्रदेश के अन्य स्थानों से ब्रज़्हकुमारियां आएंगी। प्रजापिता ब्रज़्हकुमारी के भाई बहन इस समय आगंतुकों को कार्ड देने के लिए तैयारी कर रहे है।



**सत्य सांई अस्पताल में छग मप्र ओडिशा बिहार, झारखंड के बच्चे पहुंच रहे**

छग स्थापना दिवस पर नरेंद्र मोदी श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल में बच्चों से मिलेंगे। यहां पर सर्जरी करवाने बच्चे और उनके परिजने मप्र ओडिशा बिहार झारखंड से पहुंच रहे है। सत्य सांई अस्पताल 13 सालों बिना किसी शुल्क के बच्चों को नया जीवनदान दे रहे है। यहां पर डेढ लाख से अधिक बच्चों की सर्जरी की जा रही है। पालकों ने इस सफल आपरेशन के लिए अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**नया विधानसभा में धान की बालियां होंगी आकर्षण का केंद्र**

छग विस का नया भवन का उद्घाटन नरेंद्र मोदी करेंगे। यह भवन करोड़ों रुपये की लागत से बनाया गया है।

इसकी छत में धान की बालियां से डिजाइन की गई है जो कि आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी हुई है यहां पर दो सौ से अधिक विधायकों की बैठने की व्यवस्था है ताकि भविष्य में विधायकों के लिए जगह कम नहीं पड़े। आदिम जाति विभाग द्वारा निमोरा में एक आदिवासी संग्रहालय बनाया गया है जिसमें आदिवासी सज़्यता एवं स्वतंत्रता आंदोलन में इनकी भूमिका के बारे में बताया जाएगा।

**आम सभा के लिए तैयारियां**

नया राजधानी अटल नगर में प्रधानमंत्री की एक सभा का आयोजन किया जा रहा है इसके लिए निरंतर बैठकों का दौर जारी है। कार्यालय प्रभारी के अनुसार यहां पर भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

## ओड़िशा में डकैती व सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में पांच लोगों को 20 साल के कठोर कारावास की सजा



**भुवनेश्वर :** ओडिशा के कंधमाल जिले की एक अदालत ने, बंदूक दिखा कर एक नाबालिग लड़की से डकैती और सामूहिक दुष्कर्म करने के 16 महीने पुराने मामले में पांच लोगों को दोषी ठहराते हुए उन्हें 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक बनमाली बेहरा ने बुधवार को बताया कि फूलबनी की त्वरित अदालत के न्यायाधीश कैलाश चंद्र स्वैन ने प्रत्येक दोषी पर 26,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। उन्होंने बताया कि दारिंगबाड़ी थाना क्षेत्र के निवासी सभी दोषियों की आयु 24 से 47 वर्ष के बीच है।

अदालत ने कहा, "जुर्माना न चुकाने की स्थिति में प्रत्येक दोषी को अतिरिक्त पांच वर्ष की कैद भुगतनी होगी।" अभियोजन पक्ष के अनुसार घटना 24 अप्रैल 2024 की है, जब पिस्तौल और चाकू से लैस नकाबपोश बदमाश रात में पीड़िता के घर में घुसे और उसके सोने के आभूषण तथा 50,000 रुपये लूट लिए।

पुलिस के मुताबिक, इसके बाद वे नाबालिग को पास के एक स्थान पर ले गए और उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। अगले दिन लड़की के पिता द्वारा फिरिंगिया थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया।अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि पीड़िता को छह लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। बेहरा ने बताया कि इस मामले में 18 गवाहों से पूछताछ की गई थी।

## तीन सूने मकानों से नगदी सहित लाखों के जेवर पार

रायपुर, (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोरों ने तीन सूने मकानों से नकदी सहित लाखों रुपए का जेवर पार कर दिए। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।मिली जानकारी के अनुसार महावीर नगर अभनपुर निवासी अंकित अग्रवाल 36 वर्ष ने अभनपुर थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 2 लाख सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 2 लाख 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में रावतपुरा कालोनी फेस 1 टिकरापारा निवासी जितेन्द्र सोनकर 47 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 4 हजार रुपए व हाथ घड़ी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 7 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## राज्योत्सव की तैयारियों का मंत्री ओपी चौधरी ने नवा रायपुर में किया निरीक्षण



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले आज नवा रायपुर स्थित कार्यक्रम स्थल पर बड़े स्तर पर निरीक्षण किया गया। इस मौके पर राज्य के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री केदार कश्यप सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्यजन मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मंच व्यवस्था, अतिथि बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, ट्रैफिक नियंत्रण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें लगातार मॉनिटरिंग कर रही हैं। आमजन की सुविधा के लिए ।सेव त्मंक - पूर्व विधायक की माता का निधन, मुख्यमंत्री साय ने जताया शोक पार्किंग, एंट्री और एग्जिट रूट्स के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं की भी विस्तृत व्यवस्था की गई है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि "छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष का यह समारोह प्रदेश के गौरव और विकास की प्रतीक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हम सबके लिए सम्मान की बात है।" वहीं, मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि इस आयोजन को जनभागीदारी के साथ ऐतिहासिक स्वरूप दिया जाएगा, ताकि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और प्रगति का संदेश देशभर में पहुंचे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 1 नवंबर को सुबह रायपुर पहुंचेंगे और नवा रायपुर में राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। राजधानी रायपुर से लेकर नवा रायपुर तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि सभी रूटों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि प्रधानमंत्री का दौरा सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## पूर्व विधायक की माता का निधन, मुख्यमंत्री साय ने जताया शोक

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव भरत साय की माताजी परमनी देवी साय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा "कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव भरत साय की पूज्य माताजी परमनी देवीजी के निधन का समाचार अत्यंत दुरूखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को इस दुरूख की घड़ी में संबल प्रदान करें।" राजनीतिक व सामाजिक जगत में शोक की लहर परमनी देवी साय के निधन की खबर फैलते ही कुनकुरी क्षेत्र और जशपुर जिले में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भरत साय और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। बताया जा रहा है कि परमनी देवी साय का निधन स्वाभाविक कारणों से हुआ, और उनके अंतिम संस्कार की तैयारी उनके गृहनगर में की जा रही है। परिजन, रिश्तेदार और क्षेत्र के लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री का व्यक्तिगत संबंध मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भरत साय के परिवार से लंबा राजनीतिक और व्यक्तिगत जुड़ाव रहा है। दोनों ही जनजातीय समाज से आते हैं और वर्षों तक एक साथ संगठनात्मक एवं राजनीतिक जिम्मेदारियों में कार्य कर चुके हैं। मुख्यमंत्री के शोक संदेश के बाद भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी है।



## दिल्ली में धुंध और स्मॉग की चादर, वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर के करीब पहुंची



**नयी दिल्ली :** दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी की ओर बढ़ रही है और बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 375 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शहर में धुंध और 'स्मॉग' के कारण दृश्यता कम हो गई है। शहर में (पार्टिकुलेट मैटर) पीएम 2.5 का स्तर 184.4 और पीएम10 का स्तर 301.9 दर्ज किया गया है। शहर के कई इलाकों में एक्यूआई चिंताजनक स्तर पर दर्ज किया गया। विवेक विहार में एक्यूआई 426 था जबकि आनंद विहार में 415, अशोक विहार में 414, बवाना में 419 और सोनिया विहार में 406रहा जो गंभीर श्रेणी में आता है।सीपीसीबी के आकड़ों के अनुसार 38 में से 37 निगरानी केंद्रों ने एक्यूआई 300 से अधिक दर्ज किया है जो "बहुत खराब" श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली में एक्यूआई 357 दर्ज किया गया जो एक दिन पहले 279 था। पर्यावरणविद विमलेंदु झा ने बताया कि सुबह के समय आसमान में पीले धुएं जैसी दिखाई देने वाली परत 'स्मॉग' है। 'स्मॉग' वास्तव में कोहरे और वायु प्रदूषण का मिश्रण है जिसके कारण दृश्यता कम हो जाती है। साथ ही यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है खासकर संवेदनशील वर्गों के लिए।

दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के अनुसार शहर का वेंटिलेशन इंडेक्स 6,000 वर्ग मीटर प्रति सेकंड के अनुकूल स्तर से नीचे बना हुआ है। यह सूचकांक प्रदूषकों को फैलाने की वायुमंडलीय क्षमता को इंगित करता है। 'वेंटिलेशन इंडेक्स' के अनुसार 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम रफ्तार की कमजोर हवाओं और घने कोहरे ने प्रदूषकों को छंटने से रोक दिया है, जिसके कारण आसमान में धुंध छा गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सुबह 7रू30 बजे पालम में 1,000 मीटर और सफदरजंग में 800 मीटर की दृश्यता दर्ज की। दोनों ही स्थानों पर हवा शांत बनी रही। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है जबकि सुबह 8रू30 बजे आर्द्रता 90 प्रतिशत दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिन में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश या बूंदाबादी की संभावना जताई है।

## इंदिरा मार्केट में बैंगल्स की दुकान में चोरी, खिड़की तोड़कर उड़ाए ५० हजार नगद

दुर्ग। शहर के सबसे व्यस्त बाजार इंदिरा मार्केट में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर ने रात के अंधेरे में बैंगल्स की दुकान की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे 50 हजार रुपए चोरी कर फरार हो गया। घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।



मामले की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 और 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिक ने सुबह देखा टूटी खिड़की ।पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अभिषेक कुमार गुप्ता, निवासी दुर्ग, की 'रंगारी बैंगल्स' नाम से दुकान इंदिरा मार्केट में है। रोजाना की तरह 28 अक्टूबर की रात को करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया था। अगली सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा, तो देखा कि दुकान की खिड़की का शीशा टूटा हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। गल्ले की जांच करने पर पता चला कि उसमें रखे करीब 50,000 रुपए गायब हैं। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने शुरू कर दी हैं, ताकि आरोपी की पहचान हो सके। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में संभावना जताई जा रही है कि चोर को दुकान की जानकारी पहले से थी, क्योंकि उसने बड़ी सावधानी से खिड़की के कांच को तोड़ा और केवल गल्ले को ही निशाना बनाया। व्यापारियों ने मांगी सुरक्षा इंदिरा मार्केट के अन्य व्यापारियों ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने रात में गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी मजबूत करने की मांग की है।

## रायपुर में कथावाचक रंगरेलियां मनाते पकड़ा गया, लोगों ने की जमकर पिटाई

रायपुर। राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक भास्कराचार्य को एक शादीशुदा महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। महिला का पति जब मौके पर पहुंचा तो कथावाचक की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने भी कथावाचक को पकड़कर मारपीट की और उसकी चोटी तक काट दी। यह पूरा घटनाक्रम इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, कथावाचक रायपुर अपनी प्रेमिका से मिलने आए थे। बताया गया कि दोनों ने पहले एक स्थान पर मुलाकात की और फिर कार में बैठकर कुछ दूर चले गए। इस बीच महिला का पति, जिसे अपने पत्नी पर पहले से शक था, पीछे-पीछे पहुंच गया। उसने कथावाचक और अपनी पत्नी को कार में आपत्तिजनक हालत में देख लिया। इसके बाद गुस्साए पति ने आसपास मौजूद कुछ लोगों को बुलाया और कथावाचक की जमकर धुनाई कर दी। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कथावाचक का सिर झुका हुआ और चोटी कटी हुई नजर आ रही है। लोगों ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर टिकरापारा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पुलिस के अनुसार, कथावाचक भास्कराचार्य मध्यप्रदेश के कई जिलों में प्रवचन देते रहे हैं और रायपुर की महिला से उनका संपर्क पिछले कुछ महीनों से था। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और कथावाचक आए दिन रायपुर आने लगे। इस बात की भनक महिला के पति को लग चुकी थी। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में सबसे हैरान करने वाला मोड़ तब आया जब महिला के पति ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए कहा कि वह अब इस संबंध में कोई आपराधिक कार्रवाई नहीं चाहता।

## प्रमं मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज का गौरव और सम्मान नई ऊंचाइयों पर : साय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जनजातीय समाज का गौरव और सम्मान नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया जाना चाहिए, जिन्होंने देश के आदिवासी समुदाय को सम्मान और पहचान दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कृ "भगवान बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं, बल्कि वह भारत के आदिवासी समाज के स्वाभिमान और संघर्ष के प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने उनके योगदान को सम्मान देने के लिए इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया।" सीएम विष्णुदेव साय ने आगे बताया कि आगामी 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भव्य राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी आमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को विश्वास है कि राष्ट्रपति मुर्मू इस अवसर पर शामिल होकर आदिवासी समाज का उत्साह बढ़ाएंगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कई सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा
दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है।
R-5273



**JOB VACANCY**

**Reference No-CWPCL/04/2025-26**

- **Marketing Manager** (01 no's): - Experienced; Graduate (Age limit – 40) Rs- 15,000/- to 16,000/-
- **Accountant** (01 no's): - Experienced; Graduate in Commerce (Age limit – 40) Rs- 8,000/- to 10,000/-

**Send CVs through Email Id- chiraswartawpc@gmail.com or Postal through registered office address: - C/O- Jyoti Kerketta, At- Jharbeda, Po- Karmabahal, PS-Biramitrapur, Kuarmunda, Dist- Sundergarh, Odisha, Pin- 769042, Contact no-9348170118**

Deadline for receiving applications: - 14.11.2025, 4:00 PM



**उत्कल मेल प्रकाशनी प्रा. लि. की ओर से पीतवास मिश्र द्वारा महावीर प्रिंटर्स, सी/२३/१, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, राउरकेला-७६९००४ से मुद्रित व प्रकाशित.**

प्रधान संपादक
**श्रीमती रीता मिश्र**

सम्पादक
**डॉ. पीतवास मिश्र**

संयुक्त सम्पादक
**डॉ. सुशील दाहिमा**

प्रबंध सम्पादक
**मनस्विनी मिश्र**

**संपादकीय कार्यालय**
**सी-२३/१, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, राउरकेला - ७६९०१२, ओड़िशा**
**फोन : २४०१९४९ (कार्यालय)**
**फैक्स : (०६६१) २४०१३३२**

**E-mail**
utkalmailnews@gmail.com